कोटद्वार,बुधवार
27 दिसम्बर 2023
वर्ष: 45
अंक: 235 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com


## नए साल के जश्न को लेकर कॉर्बेट प्रशासन का अलर्ट जारी



### – वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा के चलते वन कर्मियों की छुट्टियां भी रद्द

नैनीताल। विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में थर्टी फर्स्ट और नए साल के जश्न को लेकर सैलानियों ने रुख करना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही वन्यजीवों की सुरक्षा और तस्करी को रोकने के लिए कॉर्बेट प्रशासन ने अलर्ट भी जारी कर दिया है। जिसके तहत वनकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। कॉर्बेट पार्क की दक्षिणी सीमा पर सुरक्षा बढ़ाते हुए लगातार ई सर्विलांस सिस्टम से भी नजर रखी जा रही है। साथ ही वन कर्मियों की गश्त भी बढ़ा दी है। वन विभाग की संयुक्त टीम की ओर से कॉर्बेट पार्क और उससे लगते वन क्षेत्रों में लगातार फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा के चलते वन कर्मियों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गई हैं। साथ ही कॉर्बेट पार्क की दक्षिणी सीमा यानी यूपी से लगती सीमा पर ई सर्विलांस सिस्टम और हाथियों पर सवार होकर वनकर्मी नजर रख रहे हैं। इसके अलावा पैदल गश्त भी बढ़ा दी गई है। बता दें कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में थर्टी फर्स्ट और नए साल के जश्न के दौरान शिकारियों एवं कई कुख्यात गिरोहों के अति संवेदनशील दक्षिणी क्षेत्र समेत अन्य क्षेत्रों से घुसने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में कॉर्बेट प्रशासन ने रेड अलर्ट जारी किया है।

## दरभंगा से मुंबई जा रही फ्लाइट में महिला की मौत, मचा हडकंप

नई दिल्ली दरभंगा से मुंबई जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में एक महिला की मौत के बाद हडकंप मच गया। आनन–फानन में विमान की शाम में वाराणसी एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग कराई गई। बताया जा रहा है कि महिला यात्री अपने पोते के साथ दरभंगा से मुंबई जा रही थी। विमान जब हवा में ही था, तब अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। इसके बाद फ्लाइट की वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर आपात मेडिकल लैंडिंग कराई गई।

विमान के वाराणसी एयरपोर्ट पर उतरते ही मेडिकल टीम ने एंबुलेंस से महिला को पास के निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, दरभंगा एयरपोर्ट से स्पाइसजेट का विमान (एसजी 116) मुम्बई जा रहा था। विमान जब हवा में ही था तभी बिहार की रहने वालीं 85 वर्षीय महिला कलावती देवी की तबीयत खराब होने लगी। चालक दल ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए वाराणसी एयरपोर्ट के एटीसी से संपर्क कर मेडिकल इमरजेंसी का हवाला दिया। एटीसी से अनुमति मिलने पर विमान को डायवर्ट कर शाम 6 बजे वाराणसी बाबतपुर एयरपोर्ट पर उतारा गया।

## सीएम ने टिहरी में किया 415 करोड़ की 160 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई टिहरी स्थित प्रताप इंटर कॉलेज बौराड़ी में आयोजित बेटी–ब्वारयूं कु कौथिग में बतौर मुख्यअतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 415 करोड़ की 160 विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिनमें 201 करोड़ की 44 योजनाओं का लोकार्पण तथा 214 करोड़ की 116 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनपद के महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों हस्तशिल्प और हस्तकला प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने स्वयं जॉन्दरा चलाकर महिलाओं को प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने इन्वेस्टर्स समिट के दौरान टिहरी में हुए 3900 करोड़ के एमओयू में से 2400 करोड़ की ग्राउंडिंग का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सम्मानित कर स्कूली छात्र–छात्राओं को 2025 तक ड्रग्स फ्री देवभूमि बनाने की भी शपथ दिलाई।


IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
Institute of Hospitality, Management & Sciences
"Journey Towards Excellence"
Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University, Sri Dev Suman Uttarakhand University, Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University (A Central University)
Approved By: All India Council of Technical Education (AICTE), Government of Uttarakhand and Ministry of Education
Admissions Open 2024-25
LIMITED SEATS
CHM
(CERTIFICATE IN HOTEL MANAGEMENT)
WINTER BATCH
Admissions Start For (January 2024)
JOB OPPORTUNITIES
RAMADA | The Fern | CROWNE PLAZA | JAYPEE HOTELS & RESORTS | COUNTRY | COURTYARD Marriott AHMEDABAD | SAYAJI | WELCOMHOTEL | PRIDE | HYATT | TAJ | Marriott HOTELS & RESORTS | RAFFLES
PROGRAMMES AVAILABLE
M.B.A. 2 Years | M.C.A 2 Years | B.H.M. 4 Years | B.B.A. 3 Years | B.C.A. 3 Years | B.Sc. IT 3 Years | C.H.M. 1 Year
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# वीर बाल दिवस के अवसर पर सीएम ने नई टिहरी स्थित टीला साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेका



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीर बाल दिवस के अवसर पर नई टिहरी स्थित टीला साहिब गुरूद्वारा में मत्था टेका। इस दौरान उन्होंने संगतों के साथ संकीर्तन करते हुए कार सेवा भी की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। आज के दिन वीर बाल दिवस एक स्मरण के रूप में मनाया जा रहा है। आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वीर बाल शहजादों को याद करने का कार्य किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक किशोर उपाध्याय, गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हल्द्वानी में मूल निवासी और भू—कानून के मुद्दे पर रैली की तैयारी

देहरादून। मूल निवास—भू कानून समन्वय संघर्ष समिति दून के बाद अब हल्द्वानी में मूल निवासी और भू—कानून के मुद्दे पर रैली आयोजित करने की रणनीति बना रहा है। इसे लेकर समन्वय समिति ने बैठक भी बुलाई है। इसमें मुहिम को जिला और ब्लॉक स्तर तक ले जाने की रणनीति तैयार की जाएगी। समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि जिस तरह से देहरादून की रैली को जनसमर्थन मिला है,वह कहीं न कहीं राज्यवासियों की भावनाओं को बंया करता है। उन्होंनेकहा कि यह करवां अभी तैयार हो रहा है। हम चाहते हैं कि हल्द्वानी में भी इस तरह की रैली हो। यह सब शांतिपूर्ण तरीके से होना है और हम नहीं चाहते है कहीं कोई टकराव की नौबत आए। सरकार जनभावनाओं को समझे और मूल निवास 1950 के साथ ही भू—कानून पर जनभावनाओं के अनुरूप फैसला ले। समिति लगातार संवाद कर रही है, जनसंपर्क कर लोगों को इस मुहिम से जोड़ने का काम किया जा रहा है, जो लगातार जारी रहेगा। समिति की कोर ग्रुप में शामिल लुशुन टोडिरिया के मुताबिक हल्द्वानी में रैली होगी। ऐसी भावना है और इस पर जल्द फैसला किया जाएगा। साथ ही पूरे राज्य में जनसंपर्क अभियान जारी रहेगा। जिला और ब्लॉक स्तर पर मूलनिवास और भू—कानून को लेकर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को इस मुहिम से ज्यादा से ज्यादा जोड़ने की रणनीति भी बनाई जा रही है।

**रीजनल पार्टी हस्ताक्षर अभियान चलाएगी**

राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी ने मूल निवास अभियान को लेकर प्रदेश कार्यालय में बैठक की। साथ ही अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिये सर्वदलीय समन्वय समिति बनाने का सुझाव भी दिया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा कि पार्टी आगामी विधानसभा सत्र में मूल निवास और भू कानून का विधेयक पास कराने के लिए राष्ट्रवादी रीजटल पार्टी उत्तराखंड के विधायकों का हस्ताक्षर अभियान चलाएगी। यहां प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पंत, सुलोचना ईष्टवाल, संजय डोभाल, शैलबाला ममंगाई, जगदंबा बिष्ट, राजेंद्र गुसांई, विनोद कोठियाल, संजय तितोरिया, गोविंद अधिकारी, मंजू रावत मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### यात्रा के माध्यम से लोगों को करेगें जागरुक : इमरान मसूद

रुड़की। कांग्रेस नेता इमरान मसूद ने दरगाह साबिर पाक में चादर और फूल पेश कर एक यात्रा की शुरुआत की हैं। यात्रा के माध्यम से विभिन्न क्षेत्र के लोगों को जागरुक किया जाएग।मंगलवार को इमरान मसूद पिरान कलियर पहुंचे। कलियर पहुंचने पर सज्जादानशीन के आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। उसके बाद उन्होंने दरगाह साबिर पाक में चादर और फूल पेश कर देश में अमनो अमान की दुआ की। कांग्रेस नेता इमरान मसूद ने कहा कि उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की खानकाहो, मदरसों और दरगाह पर जाकर लोगों को जोड़ने के लिए प्रथम चरण की यात्रा पिरान कलियर दरगाह साबिर पाक से शुरु की है। कहा कि यात्रा कलियर शरीफ दरगाह से शुरू होकर अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, रजबपुर, बरेली दरगाह आला हजरत, बदायूं समेत अन्य दरगाह और मदरसों पर जाकर समाप्त होगी। यात्रा के माध्यम से देश में अमनो अमान, भाईचारे बनाने के साथ साथ लोगों को जागरुक किया जाएगा। इस मौके पर सज्जादानशीन शाह अली एजाज साबरी, नोमान मसूद, इरशाद रब्बानी, राजा फरीदी, राकिब अंजुम, चौधरी मुज्जफर, प्रधान इस्लाम, राव आफ-ाक अली, अकरम प्रधान, नाजिम त्यागी, फरीद, इस्तेकार अली, कल्लू त्यागी, साजिद प्रधान, यावर मियां, हैदर हबीब, अदील मियां, अतहर अंसारी, जुबैर रावत, शादाब मलिक आदि मौजूद रहें।

### वीर बाल दिवस मनाना यह राष्ट्र के लिए एक नई शुरुआत का दिनः केंद्रीय मंत्री

हरिद्वार। वीर बाल दिवस पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने गुरुद्वारा सिंह सभा हरिद्वार पहुंचकर माथा टेका। धर्म रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले गुरु गोविंद सिंह के वीर साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को उनके बलिदान दिवस पर नमन किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वीर साहिबजादों का सर्वोच्च बलिदान सभी को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। देश आज पहला वीर बाल दिवस मना रहा है, यह नई शुरुआत का दिन है। वीर बाल दिवस भाव से भरा जरूर है, लेकिन यह अनंत प्रेरणा का स्त्रोत भी है। वीर बाल दिवस हमें देश के सम्मान की रक्षा के लिए 10 सिख गुरुओं के महान योगदान और सिख परंपरा के बलिदान को स्मरण कराएगा।

# वीर बाल दिवस समरसता व सामाजिक एकता का प्रेरणापूंज है : राज्यपाल

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने वीर बाल दिवस के अवसर पर कहा कि आज वीर साहिबजादों के त्याग, बलिदान, शौर्य व पराक्रम की पराकाष्टा को याद करने का दिन है जिन्होंने अपने राष्ट्र धर्म और अपनी संस्कृति के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन वीर सपूतों ने हमें यह बताया कि एक समाज और राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान किस प्रकार होना चाहिए। सर्वोच्च बलिदान का यह उदाहरण पूरी मानवता में अलग ही है। उन्होंने कहा कि नन्हें साहिबजादों ने क्रूर अत्याचारियों की बात नहीं मानते हुए सिख धर्म की उस महान परंपरा को आगे बढ़ाया जिसमें अन्यायी शासकों के सामने कभी न झुकने की महान शिक्षा दी है। वीर बाल दिवस के अवसर पर राजभवन में संस्कृत विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह और माता गुजरी को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह के महान बलिदानी पुत्रों की शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाये जाने की सोच के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद



किया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने ऐसे योद्धाओं के बलिदान को चिरस्थायी बनाने का जो कार्य किया है उसे युगों—युगों तक याद किया जाएगा।

राज्यपाल ने कहा कि वीर बाल दिवस समरसता व सामाजिक एकता का प्रेरणापूंज है। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस का संदेश पूरी दुनिया और मानवता को स्वाभिमानपूर्ण साहस और बलिदान से अवगत कराएगा। उन्होंने कहा कि यह दिवस राष्ट्र भक्ति के लिए करोड़ों बच्चों को प्रेरित करेगा। राज्यपाल ने कहा कि वीर साहिबजादों के बलिदान से हमें विषम परिस्थितियों में अपने आप को संयमित रखने की सीख मिलती है। उन्होंने कहा कि सिख धर्म, धर्म ही नहीं बल्कि राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ जीवन जीने की सभ्यता है। सिख धर्म ने पूरे भारत को एक भारत, श्रेष्ठ भारत का मार्ग प्रशस्त किया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो संदेश के जरिये गुरु गोबिंद सिंह के चार वीर साहिबजादों को उनकी धर्म, निष्ठा, अनुकरणीय साहस और सर्वोच्च बलिदान के लिए कोटि—कोटि नमन करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति व धर्म की रक्षा के लिए दी गई इस शहादत जैसा दूसरा कोई उदाहरण शायद ही हमें कहीं और सुनने या देखने को मिलता हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें याद दिलाता है कि धर्म, निष्ठा और शौर्य की पराकाष्टा के समय आयु मायने नहीं रखती यह दिन हमें चार साहिबजादों विशेष रूप से उनके पुत्र जोरावर सिंह और फतेह सिंह द्वारा छोटी सी आयु में सिख परंपरा और देश के स्वाभिमान के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान के लिए याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि सभी सिख गुरुजनों ने हमेशा राष्ट्र को प्रथम रखते हुए पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोन का कार्य किया है और पूरी दुनिया में मानवता की सेवा के लिए अपने निशान छोड़े हैं।

# डीएम ने दिये ग्राम लहबोली में ईंट भट्टे की लोहे की प्लेट गिरने की घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश

हरिद्वार। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल को जैसे ही मंगलवार की प्रातः लगभग 6 बजे आपदा प्रबन्धन के माध्यम से ग्राम लहबोली, तहसील रूड़की विकास खण्ड नारसन में ईंट भट्टे में लोहे की प्लेट गिरने से उसके नीचे कई श्रमिकों के दबने की सूचना प्राप्त हुई तो उन्होंने आपदा प्रबन्धन अधिकारी, तहसील रूड़की, अग्निशमन विभाग आदि सम्बन्धित विभागों को त्वरित गति से राहत व बचाव कार्य करने के निर्देश दिये तथा स्वयं घटना स्थल की ओर रवाना हुये तथा वहां पहुंचकर राहत व बचाव कार्यों का जायजा लेते हुये सम्बन्धित को दिशा—निर्देश दिये तथा यह भी निर्देश दिये कि घायलों का अच्छा से अच्छा उपचार किया जाये। उन्होंने बताया कि इस घटना में जो श्रमिक दिवंगत हुये हैं, उनके आश्रितों को मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दो—दो लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है तथा दिवंगतों के प्रति शोक सम्वेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना की है।

जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने



संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की को ग्राम लहबोली में ईंट भट्ठे की लोहे की प्लेट गिरने से उसके नीचे कई श्रमिकों के दबने की घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के निर्देश दिये हैं।

उल्लेखनीय है कि इस घटना में छह श्रमिकों तथा एक घोड़े की असामयिम मृत्यु हुई है तथा दो श्रमिक जो घायल हुये हैं, उन्हें रूड़की के विनय विशाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने घायलों का हालचाल भी जाना। इस मौके पर संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की, एएसडीएम विजयनाथ शुक्ल, तहसील प्रशासन, पुलिस प्रशासन, राहत बचाव टीम सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

### भारत ने विश्व को दिया एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य का नाराः भट्ट

हरिद्वार। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि हमारे गुरुजनों ने वसुधैव कुटुम्बकम का जो ध्येय वाक्य दिया था, आज पूरी दुनिया उस पर अमल कर रही है। हाल ही में हुए जी—20 सम्मेलन से भारत ने एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य स्लोगन विश्व को दिया है। विश्व में कहीं भी कोई घटना घटित होने के बाद सबकी निगाह भारत पर टिक जाती है। उन्होंने स्वामी अवधेशानंद गिरि को मानवता का पाठ पढ़ाने वाला संत बताया। भट्ट ने कहा कि स्वामी अवधेशानंद गिरि वाणी संयम की प्रतिमूर्ति हैं। हमारा सौभाग्य है कि हमें इतने विद्वान संतों को सुनने का अवसर मिल रहा है। उत्तराखंड की विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने कहा कि स्वामी अवधेशानंद गिरि भारत की सनातन संस्कृति के मुख्य स्तंभ हैं। साधु समाज के आदर्श हैं। हम सबको उचित मार्ग दिखाने वाले प्रकाश पुंज हैं। यदि समाज को नई दिशा देनी है और दशा बदलनी है तो नई पीढ़ी के युवाओं से जुड़ना होगा। स्वामी अवधेशानंद इस कार्य को लगातार कर रहे हैं। वह ज्ञान, विज्ञान से धर्म तक की बातें कर समाज को नई दिशा दे रहे हैं।

## निजी भूमि में जबरन सड़क निर्माण करने का लगाया आरोप

सतपुली : ग्रामीणों ने तहसीलदार सतपुली को ज्ञापन सौंपकर न्याय देने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी निजी भूमि पर जबरन सड़क निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण हरीश स्वामी, उम्मेद सिंह, सरोजनी देवी, शकुन्तला देवी ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि ग्राम मलेठी में उनकी निजी भूमि पर जबर सड़क निर्माण व जमीन खुर्दबुर्द की जा रही है। उन्होंने 15 दिन के अंदर कार्यवाही न होने की दशा में आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है।

## वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों पर की चर्चा

थलीसैंण : पूर्व सैनिक संघर्ष समिति की ओर से मांडाखाल में वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों के संबंध में चर्चा की गई।कार्यशाला को पूर्व सैनिक संघर्ष समिति पौड़ी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा, संरक्षक सुरेंद्र सिंह रावत, राजेंद्र सिंह रावत, पूर्व सैनिक संघर्ष समिति कोटद्वार के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत, महासचिव मदन सिंह नेगी ने संबोधित किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत, उपाध्यक्ष ठाकुर सिंह गुसाईं सहित पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

कोटद्वार : राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत न्याय पंचायत स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण राइका देवीखेत में प्रारम्भ किया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर देवेन्द्र बलोधी, मनमोहन सिंह बिष्ट, एवं शुभम सेमवाल द्वारा प्रधान ग्राम पंचायतों एवं ग्राम पंचायत सदस्यों को ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) एवं सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीय करण के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिसमें एसडीजी के अन्तर्गत नौ थीम पर प्रकाश डाला गया। जिसमें गरीबी मुक्त उन्नत आजीविका, स्वस्थगांव, बाल हितैशी गांव, जल प्रयाप्त गांव, स्वच्छ हरा भरा गांव, आत्मनिर्भर, बुनियादी ढांचा युक्त गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन युक्त गांव, महिला हितैषी गांव आदि विषयों पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर प्रधान ग्राम सभा दिखेत कैलास बिष्ट, प्रधान खेडा सूमा देवी, प्रधान जुयालगांव नीला देवी, प्रधान पवेख आशीष सिह, प्रधान अमाल्डू रेनू उनियाल, ग्राम पंचायत अधिकारी मो. ताहिर, उपप्रधान शिवनारायण सिह, ग्राम पंचायत सदस्य उपस्थित रहें।

## एसएसपी ने थाना प्रभारियों को लगाई फटकार

पौड़ी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की वर्चुअल समीक्षा की। इस दौरान किराएदारों के सत्यापन की कार्रवाई में लापरवाही बरतने पर थाना प्रभारियों को फटकार लगाई। किराएदारों का सत्यापन करने को लेकर एसएसपी ने नाराजगी जताते हुए सभी थाना प्रभारियों को इसमें सुधार के निर्देश दिए। मंगलवार को बैठक में एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को शराब पीकर वाहन चलाने, रैश ड्राइविंग व ओवर लोडिंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने नववर्ष पर हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नववर्ष पर हुडदंग मचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। एसएसपी ने कहा कि नववर्ष पर जिले पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों के लिए प्रशिक्षण प्राप्त पर्यटक पुलिस तैनात रहेगी, जिनको अपने थाना क्षेत्रों के सभी पर्यटक स्थलों, महत्वपूर्ण स्थानों व पार्किंग स्थलों आदि की पूरी जानकारी रहेगी। ये पुलिस जवान पर्यटकों की मदद के लिए पर्यटक स्थलों पर तैनात रहेंगे।

## 29 को उपवास करेंगे निवेशक

कोटद्वार : रियल इस्टेट की कंपनी पीएसीएल के निवेशकों ने 29 दिसंबर को उपवास रखने का निर्णय लिया है। निवेशक सुखदेव शास्त्री कहा कि लाख शिकायतों के बाद भी अब तक निवेशकों की धनराशि वापस नहीं मिल पाई है। जबकि, सरकार ने धनराशि वापस दिलवाने के लिए वर्ष 2019 में एक्ट भी बनाया था। कहा कि धनराशि वापस दिलवाने के लिए तहसील में उपवास में अन्य जनसभा की जाएगी।

# कूड़े के ढेर से भरा गदेरा, जहरीले धुएं ने बढ़ाई समस्या

## देवी रोड में पुलिया के नीचे पनियाली गदेरे में धधक रहा कूड़ा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** नगर निगम सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई के दावे कर रहा है। लेकिन, हकीकत यह है कि देवी रोड में पुलिया के नीचे पनियाली गदेरे में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। नतीजा कूड़ा

### कूड़ा जलने से उठ रहे धुएं से आमजन का सांस लेना भी हुआ मुश्किल

जलने से उठ रहे जहरीले धुएं के कारण आमजन का सांस लेना भी दूभर हो गया है। ऐसे में आसपास के परिवारों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी खतरा बना हुआ है। गदेरे में कूड़ा डालने वालों पर नगर निगम लगाम तक नहीं लगा पा रहा है।

घाड़ क्षेत्र के जंगलों से निकलने वाला पनियाली गदेरा करीब तीन किलोमीटर के हिस्से में शहर के बीच से होकर गुजरता है। लेकिन, कई लोगों ने इस पनियाली गदेरे को कूड़ा घर बना दिया है। नतीजा, नजीबाबाद चौराहे से पांच सौ मीटर दूर देवी रोड में पुलिया के नीचे गदेरे में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। सोमवार रात किसी असामाजिक तत्व ने गदेरे में पड़े कूड़े के ढेर पर आग लगा दी, जिससे चारों ओर जहरीला धुंआ फैला हुआ है। धुएं के कारण आसपास के व्यापारियों व परिवारों का सांस लेना भी दूभर हो गया है। देवी रोड निवासी शांति देवी, रीना देवी ने बताया कि कई व्यापारी



कोटद्वार के देवी रोड में पनियाली गदेरे के नीचे लगे गंदगी के ढेर

अपनी प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कूड़े को गंदेरे में डालते हैं। जिससे, गदेरा पूरी तरह कूड़े से पटा हुआ है। धुएं के कारण बच्चों व बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम से गदेरे में कूड़ा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कहा कि इसके लिए उक्त स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए। वहीं, पुलिया से गुजरने वाले राहगिरों को भी मुंह पर कपड़ा रखकर आवाजाही करनी पड़ रही है।

### जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर

नगर निगम की लापरवाही के कारण पनियाली गदेरा जगह-जगह कूड़ेदान बनता जा रहा है। आमपड़ाव, सिताबपुर, कौड़िया सहित कई स्थानों पर लोग खुलेआम गदेरे में घरों व अपनी दुकानों का कूड़ा डालते हैं। सबसे अधिक परेशानी गर्मी के समय होती है। शिकायत के बाद भी नगर निगम कूड़ा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा।

# शहीदों के बलिदान को किया याद

**कोटद्वार :** श्री सिद्धबली मंदिर समिति के सदस्यों व पदाधिकारियों ने कश्मीर के पुंछ में आतंकी हमले में शहीद कोटद्वार निवासी सेना के जवान गौतम कुमार के बलिदान को नमन किया है। वहीं, श्री गुरु राम राय पैरामेडिकल कॉलेज की ओर से भी शहीदों के बलिदान को याद किया गया।

समिति की ओर से आयोजित शोकसभा में महंत दिलीप रावत ने कहा कि उनके बलिदान को हमेशा याद किया जायेगा। कहा कि मां भारती के इस लाल की शहादत को समिति बार-बार नमन करती है। मौके पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखते हुए ईश्वर से पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की गई। शोक व्यक्त करने वालों में समिति अध्यक्ष जेपी ध्यानी, हरीश घिल्डियाल,



शहीद गौतम कुमार व वीरेंद्र सिंह को याद करते विद्यार्थी व अन्य

रवींद्र नेगी, सुनील गोयल और संदीप चौधरी सहित समिति के सभी सदस्य शामिल रहे। वहीं, श्री गुरु राम राय पैरामेडिकल कॉलेज में प्राचार्य डा. गिरीश उनियाल के नेतृत्व में शहीदों को याद किया गया। विद्यार्थी व शिक्षकों ने कहा कि देश की सेवा में दिए गए राइफलमैन गौतम कुमार व वीरेंद्र सिंह का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ एनएसएस शिविर संपन्न

**पौड़ी :** राजकीय कन्या इंटर कालेज की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गया है। शिविर के दौरान स्वयं सेवियों ने सफाई अभियान के साथ ही कई योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। इस दौरान स्वयं सेवियों ने नशे से होने वाले नुकसान के साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि को लेकर लोगों को जागरूक भी किया। मंगलवार को स्कूल में आयोजित शिविर के समापन अवसर पर स्वयं सेवियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि खंड शिक्षाधिकारी मास्टर आदर्श ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से स्वयं सेवियों को कई जानकारियां मिलती है। कार्यक्रम अधिकारी संगीता वाल्मीकि ने कहा कि एनएसएस स्वयं सेवियों में मानवीय गुणों का संवर्धन करती है। इस मौके पर पीटीए अध्यक्ष भक्ति लाल शाह, कांति किमोठी, कमलेश कुमार, ऋतु नेगी आदि शामिल रहे।

# पंचायत महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार/सतपुली :** सतपुली में पंचायत महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। इस दौरान स्कूली बच्चों की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

रामलीला मैदान में आयोजित पंचायत महोत्सव का शुभारंभ पूर्व प्रधानाचार्य उम्मेद सिंह रावत, अक्षत कलश यात्रा संघ के अध्यक्ष व विहिप जिलाध्यक्ष राकेश गौड़ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरांत बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। अतिथियों ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पूर्व प्रधान व महोत्सव समिति अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद डंगवाल ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। नवम नयार घाटी पंचायत महोत्सव 26 से 31 दिसम्बर तक चलेगा। 26 और 27 को स्थानीय स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम



सतपुली में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे

प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। 28 दिसंबर को अमित सागर एवं उनकी टीम तथा 29 को इन्द्र आर्य रेनू बाला अपनी प्रस्तुति देंगे। जबकि 30 को वैदिक जागरण सम्राट मंगलेश डंगवाल एवं लोक गायक गजेंद्र राणा महोत्सव में शिरकत कर लोगों को मन्त्र मुग्ध करेंगे। 31 को सतपुली क्षेत्र के स्थानीय लोक गायक जीतू मिंया और हेमंत बिष्ट की प्रस्तुतियां देखने को मिलेगी। इस महोत्सव के पहले दिन मोर्डन पब्लिक, ग्रीन लैंड, इंटर कॉलेज सहित अनेक स्कूलों के बीच सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें मॉडर्न पब्लिक स्कूल प्रथम, हंसराय चिल्ड्रन एकेडमी द्वितीय व राप्रावि सतपुली तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका लोकेश वर्मा, कल्पना रतूड़ी और कलावती देवी ने निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य उम्मेद सिंह रावत ने की, जबकि संचालन नरेश सुन्द्रियाल और अचलानंद डोबरियाल के किया गया। इस मौके पर जगदम्बा डंगवाल, कुसुम खंतवाल, इंदु जुयाल, चंद्रकला आर्य, नरेन्द्र सिंह मंडल अध्यक्ष सतपुली, पुष्पेन्द्र राणा, लोकेश वर्मा, सुचि राणा, रोहन नेगी, चन्द्रकला आर्य, मीना लिंगवाल, गंगा खंतवाल, अमित रावत, पार्थ जुयाल आदि मौजूद रहे।

## अंतिम तिथि 31 जनवरी

**कोटद्वार :** गढ़वाल मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन की ओर से चालक परिचालकों के सदस्य शुल्क व बीमा धनराशि जमा करने की तिथि 31 जनवरी की गई है। जानकारी देते हुए यूनियन के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने बताया कि धनराशि जमा करने की तिथि एक जनवरी से प्रारंभ होगी। साथ ही सदस्यों को पुराना परिचय पत्र, आधार कार्ड की फोटो काफी भी देनी चाहिए। इसके साथ ही यूनियन के नए सदस्य भी बनाए जाएंगे।

# कुंभीचौड़ में पिछले कई माह से खराब पड़ी है हाईमास्क लाइट

**कोटद्वार :** कुंभीचौड़ चौराहे में लगाई गई हाईमास्क लाइट पिछले लंबे समय से खराब पड़ी है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम से जल्द लाइट ठीक करवाने की मांग की है। कहा कि शाम ढलते ही आमजन का अंधेरे में आवाजाही करना भी मुश्किल हो गया है।

समस्या के संबंध में संयुक्त समाजसेवी संगठन ने नगर आयुक्त वैभव गुप्ता को ज्ञापन दिया। बताया कि कुंभीचौड़ क्षेत्र का अधिकांश भाग जंगल से सटा हुआ है। जनता की सुविधा के लिए कुछ माह पूर्व नगर निगम ने कुंभीचौड़ चौराहे में हाईमास्क लाइट लगाई थी। लेकिन, पिछले लंबे समय से यह लाइट खराब पड़ी हुई है। नतीजा, शाम ढलते ही चौराहे में पूरी तरह अंधेरा छा जाता है। अंधेरे में जंगली जानवरों का भी खतरा बना रहता है। पूर्व में शिकायत के बाद भी नगर निगम लाइट ठीक करवाने की सुध नहीं ले रहा। जिससे क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है। इस मौके पर संगठन के संरक्षक रतन सिंह नेगी, मोहन सिंह रावत, हरीश चंद्र भदोला, महानंद ध्यानी, हरेंद्र सिंह रौतेला, सतेंद्र सिंह नेगी, वाचस्पति बहुखंडी, शांति प्रसाद कुकरेती, जगमोहन सिंह नेगी, गोविंद राम चमोली, राम सिंह रावत, अशोक आदि मौजूद रहे।

## तीन जनवरी से शुरू होगा गढ़वाल कप

**कोटद्वार :** स्वर्गीय शशिधर भट्ट स्मृति गढ़वाल कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन तीन जनवरी से सात जनवरी तक स्पोर्ट्स स्टेडियम गाड़ीघाट में होगा। जिसमें दस टीमों को आमंत्रित किया गया है। जिनमें से छह प्रदेश की फुटबॉल टीमों में कोटद्वार, पौड़ी, जनकपुर, ऊधम सिंह नगर, देहरादून एवं रुड़की हैं। गढ़वाल राइफल्स यूनिट की फुटबॉल टीम में पंजाब, राजस्थान, हिमाचल एवं दिल्ली की रहेंगी। आयोजक समिति के अध्यक्ष अरुण भट्ट ने गढ़वाल कप फुटबॉल प्रतियोगिता को ऐतिहासिक बताते हुए जानकारी दी की सन् 1956 से यह कप आयोजित किया जा रहा हैं। सचिव अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल कोच सुनील रावत ने बताया कि इस फुटबाल प्रतियोगिता में कई अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी प्रतिभाग कर चुके हैं। गढ़वाल कप की बदौलत कई खिलाड़ियों ने इस खेल को पेशेवर रूप से अपनाया और आज भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विजेता टीम को एक लाख रुपये व उपविजेता टीम को 51 हजार रुपये की धनराशि व प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को 51 सौ रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इस दौरान गढ़वाल कप के ब्रांड ऐंबेसडर सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल चंद्रपॉल, जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, उपाध्यक्ष हरीश वर्मा, युवा फुटबॉल प्रशिक्षक सिद्धार्थ रावत, निर्णायक ऋतिक नेगी, सुजल जोशी मौजूद रहे।

# एनएचएआई विरोध संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन, मूल्यांकन कर मुआवजा देने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सनेह क्षेत्र में बनाए जा रहे बाईपास मार्ग के प्रभावितों को पूरे मूल्यांकन के बाद ही मुआवजा देने की मांग को लेकर एनएचएआई विरोध संघर्ष समिति ने प्रदर्शन किया। कहा कि कई परिवार वर्षों से भूमि पर निवासरत हैं। लेकिन, उन्हें अब तक मालिकाना हक नहीं मिल पाया है। ऐसे में प्रशासन को जमीन व मकानों का सही मूल्यांकन करके मुआवजा वितरित करना चाहिए।

समिति के सदस्यों ने तहसील में पहुंच प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से सनेह क्षेत्र से राजमार्ग का बाईपास निकाला जा रहा है। जिसके लिए नाथूपुर, विशनपुर, जीतपुर, रतनपुर में मुआवजा तय करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। ऐसे में प्रभावित परिवारों को सही मुआवजा प्रक्रिया के लिए पौड़ी जिले की दौड़ लगानी पड़ रही है, जिससे उनका समय व धन बर्बाद हो रहा है। साथ ही क्षेत्र में कई ऐसे परिवार भी हैं, जो पचास वर्ष पूर्व सरकारी की ओर से बसाया गया था, जिसमें अधिकांश परिवार एससी, एसटी व ओबीसी के हैं। इन परिवारों को अब तक मालिकाना हक नहीं मिल पाया है। जबकि, यह परिवार दशकों से बिजली, पानी, वोटर कार्ड, आवास योजना जैसी कई अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। बताया कि ऐसे में प्रशासन को इन लोगों को भी मुआवजा देना चाहिए। गोल खाते के



कोटद्वार तहसील प्रशासन के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजते समिति के सदस्य व अन्य क्षेत्रीय जन

आधार पर मुआवजा नहीं दिया जाना चाहिए। बल्कि, गोल खातों में प्रभावित लोगों को ही मुआवजा दिया जाना चाहिए। बताया कि तहसील स्तर से भी रजिस्ट्री व दाखिला में गलती हुई है। ऐसे में इस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। प्रदर्शन करने वालों में समिति के अध्यक्ष आशीष रावत, सचिव महेंद्र पाल सिंह रावत, कोषाध्यक्ष कुलदीप रावत, सह कोषाध्यक्ष पूरण सिंह, गमाल सिंह रावत, सुनील रावत, कमलेश्वर कोटनाला, पुनीत, विक्रम सिंह रावत, वीरेंद्र सिंह चौधरी, पूनम रावत, मालती बिष्ट, कामिनी देवी, बबीता बिष्ट, कमला देवी, उषा देवी सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# सतपुली पहुंची अक्षत कलश यात्रा, हुआ भव्य स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार/सतपुली :** अयोध्या के श्री राम मंदिर के अक्षत कलश यात्रा का सतपुली पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। मंगलवार को कोटद्वार से सतपुली पहुंची, अक्षत कलश यात्रा में स्वयं सेवक संघ, विहिप व बजरंग दल सहित स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। अक्षत कलश यात्रा समिति के नगर खंड अध्यक्ष पुष्पेंद्र राणा, विहिप के जिलाध्यक्ष राकेश गौड़ के नेतृत्व में रैली निकाली गई।

मंगलवार को अक्षत कलश यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। सभी ने भव्य राम मंदिर बनने का संकल्प लिया। यात्रा राधाकृष्ण मंदिर से विभिन्न मार्गो से होकर, दुधारखाल रोड, पौड़ी रोड, मुख्य चौराहे से होते हुए राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में पहुंची। राधाकृष्ण मंदिर में अयोध्या से आए पूजित अक्षत से भरे कलश महिलाओं ने सिर पर रखे और यात्रा रवाना हुई। इस दौरान हरेक चौराहे तिराहा पर यात्रा का जोर दार स्वागत हुआ। यात्रा संपन्न



सतपुली में कलश यात्रा का स्वागत करते क्षेत्रवासी

होने पर सभी प्रखंड से आए पदाधिकारियों को कलश सौंपे गए। संघ खंड अध्यक्ष पुष्पेंद्र राणा ने कहा कि अयोध्या में होने वाले महा आयोजन में शामिल होने के लिए पूजित अक्षत को गांव-गांव घर-घर तक पहुंचाने की पूरी तैयारी हो चुकी है। कलश से अक्षत का वितरण गांवों में किया जाएगा और गांवों में इसे घर-घर दिया जाएगा। इसी के साथ इस आयोजन में शामिल होने के लिए निमंत्रण भी दिया जाएगा। इस अवसर पर संघ खंड उपाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद डंगवाल, संजय रावत, बालेश्वर चौधरी, नरेश, प्रचारक धर्मपाल, राजगौरव नौटियाल आदि मौजूद रहे।

# कण्वाश्रम क्षेत्र में चलाया स्वच्छता अभियान



कोटद्वार के कण्वाश्रम में स्वच्छता अभियान चलाते स्वयं सेवी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल पदमपुर की ओर से पर्यटक स्थल कण्वाश्रम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयं सेवियों ने आमजन को भी स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी हिमांशु द्विवेदी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयं सेवियों ने जगह-जगह फैली गंदगी को एक जगह एकत्रित कर उसे नष्ट किया। साथ ही आमजन से भी पर्यटक स्थलों को स्वच्छ रखने की अपील की। कहा कि हमें सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फेंकने के बजाय कूड़ेदान का उपयोग करना चाहिए। एनएसएस का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति को बेहतर मार्ग पर आगे बढ़ाना है। स्वयं सेवियों ने जन-जन को सफाई के प्रति जागरूक करने का भी संकल्प लिया।

# जंगलों को आग से बचाने के लिए एकजुट होना होगा

**पौड़ी :** जागरूकता और अध्ययन यात्रा के दूसरे दिन कोटि गांव में आयोजित गोष्ठी में समलौंण आंदोलन की संयोजिका कौशल्या देवी ने बताया कि इस क्षेत्र के सभी गांव नयार नदी के जल ग्रहण क्षेत्र के तहत आते है। दुधातोली के जंगलों के साथ ही इस क्षेत्र के सदाबहार जंगल भी नयार को सदानीरा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। यदि हमारे इन जंगलो में ऐसे ही हर साल आग लगती रहेगी तो वो दिन दूर नहीं होगा जब हमारे ही सामने नयार दम तोड़ती हुई नजर आएगी। इसलिए भविष्य में हमारे समक्ष ऐसा संकट न आए इसके लिए हमें अभी से अपने जंगलो को आग से बचाने के लिये जुटना होगा।

चंडी प्रसाद भट्ट पर्यावरण एवं विकास केंद्र, चिपको आंदोलन की मातृ संस्था दशोली ग्राम स्वराज्य मंडल और समलौंण संस्था के तत्वावधान में पश्चमी नयारघाटी के गांवों में जंगलों को आग से बचाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान जाख, मरखोला, सिमडी बांजकोट, कोटी और पैलार आदि गांवों के ग्रामीणों के साथ चर्चा-परिचर्चा की गई। जिला पंचायत सदस्य प्रियंका देवी ने महिलाओं को ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसी का दुष्परिणाम है कि कभी पौष मास के इन दिनों में बर्फ से ढकी रहने वाली हमारे पहाड़ों की चोटियां आज सूखी हुई हैं यह चिंतनीय है। हम अपने पर्यावरण और जंगलों को सुरक्षित रखकर ही ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों से निपट सकते हैं। पैलार गांव में गोष्ठी के बाद महिलाओं ने अपने सामुदायिक जंगल में जाकर अपने जंगल को आग से बचाने की शपथ ली। इस दौरान अभियान दल के सदस्य बचन सिंह रावत द्वारा समलौंण की सेना नायिका को सम्मानित भी किया गया। यात्रा में चंडी प्रसाद भटट पर्यावरण एवं विकास केंद्र के प्रबंध न्यासी ओम प्रकाश भट्ट, बचन सिंह रावत, मंगला कोठियाल, विनय सेमवाल, समलोंण संस्था के संस्थापक वीरेंद्र दत्त गोदियाल, मनोज रौथाण, वन दरोगा अनिल कुमार, रिटा सूबेदार मंजीत सिंह, दिनेश चंद्र खर्कवाल आदि शामिल रहे।

## निवर्तमान पालिकाध्यक्ष ने शहर की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया : युवा कांग्रेस

**पौड़ी** : युवा कांग्रेस ने शहर की विभिन्न समस्याओं के लिए हल की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित सिंह ने कहा कि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने शहर की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया, जिससे शहर में कई समस्याएं व्याप्त है। मंगलवार को एसडीएम से मुलाकात करते हुए युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम से जल्द ही नगर पालिका में ठेकेदारों के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया खोलने, पौड़ी कंडोलिया में बने पार्क को चालू करने, एजेंसी चौक में बनी नगर पालिका बिल्डिंग को सार्वजनिक उपयोग के लिए खोलने, आवारा पशुओं सांड, गाय, बंदरों से निजात दिलाने, वीरचंद्र सिंह गढ़वाली पार्क में उनकी मूर्ति स्थापित कर सार्वजनिक उपयोग के लिए खोलने, एजेंसी चौक स्थित शौचालय का जीर्णोद्धार करने, श्रीनगर रोड़ स्थित कूड़े ढेर का अन्यत्र निस्तारण करने, बस अड्डे में जयानंद भारती की मूर्ति स्थापित करने, पूर्व भाजपा नगर पालिका अध्यक्ष पर साबित हुए अनिमियतता के आरोप पर शासन स्तर पर कार्रवाई करने, पुराने कलक्ट्रेट भवन को हेरिटेज के रूप में विकसित करने की मांग की।

# विभाग के दावों की खुली पोल, तीन साल में पूरा नहीं हुआ जल जीवन मिशन का कार्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर विभाग के दावों की पोल खुलने लग गई है। ग्राम पंचायत डांग में तीन साल में भी जल जीवन मिशन के कार्य पूरे नहीं हो पाए है। नतीजा ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ग्राम पंचायत डांग के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन का लाभ देने की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि बीते तीन सालों से उनके जल जीवन मिशन का कार्य पूरा नहीं हो पाया। ग्राम सभा के कई परिवारों को अभी तक इस योजना से जोड़ा नहीं गया है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय में ज्ञापन देते हुए कहा कि कई बार संबंधित विभाग से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

मंगलवार को ग्राम प्रधान सुषमा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय में ज्ञापन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि बीते तीन सालों से ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन का कार्य चल रहा है। जो कि आज तक भी पूरा नहीं हुआ। यहां तक कई परिवारों को इस योजना से नहीं जोड़ा गया। कई बार विभाग से शिकायत करने के बाद भी समस्या जस की तस है। कहा कि योजना पूरी भी नहीं हुई और पेयजल टैंक लीक कर रहा है। साथ ही पेयजल का मुख्य स्रोत भी खुला और लगातार गंदगी व कचरा आदि पानी में मिल रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रेश है। उन्होंने शीघ्र ही समस्या के निस्तारण की मांग डीएम से की है। इस मौके पर जगदीश प्रसाद, ताजवर सिंह, सरस्वती देवी, घंना देवी, उमा देवी, कविता देवी, गौरी देवी, सावित्री देवी आदि शामिल रहे।

# मोदी सरकार ने गरीबों के लिए चलाई कल्याणकारी योजनाएं : नौटियाल

चमोली : सोमवार को यहां विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। इस दौरान मेला मैदान में सरकार की विकास योजनाओं लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेला मंच पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कर्णप्रयाग के विधायक अनिल नौटियाल ने कहा कि मोदी सरकार ने इन 10 वर्षों में गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई है। इन योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को विभिन्न विभागों के माध्यम से मिल रही है। इन योजनाओं का लाभ लोगों को अधिक से अधिक मिले इसलिए इस प्रकार की कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा साल 2047 तक देश विकसित देशों की श्रेणी में आए ऐसा मोदी जी का संकल्प है।

इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग खाद्य विभाग व अन्य विभागों के स्टाल भी लगाए गए हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा भारत सरकार की योजनाओ के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। मंच पर विद्यालयों के छात्र-छात्राओं व महिला मंगल दलों द्वारा नाटक, नृत्य और सांस्कृतिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत स्वच्छता के प्रति संदेश दिया गया।



इस मौके पर निवर्तमान पालिका अध्यक्ष अंजु बिष्ट, ज्येष्ठ उपप्रमुख प्रदीप चौहान, जयकृत बिष्ट, नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश डिमरी, राजेंद्र प्रसाद डिमरी, अंजनी नेगी, ईओ हेमंत कुमार गुप्ता, व्यापार संघ अध्यक्ष राकेश लिंगवाल, ममता आर्य, प्रकाश शैली, सुनील कुमार, मनोज नेगी, कृष्णा रावत, राजीव चौहान, सुबोध रावत, रघुनाथ खत्री, रविंद्र वशिष्ठ, अरविंद डिमरी, आदि लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मण सिंह भंडारी ने किया। (एजेंसी)

# डिजिटल युग में पुस्तकालय का डिजिटलाइजेशन होना जरूरी : नौटियाल

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विवि के बिड़ला परिसर में दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ हो गया है। जिसमें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के 80 प्रकाशकों की 20 हजार से अधिक पुस्तकें उपलब्ध करवाई गई है। जो कि नई शिक्षा नीति–2020 की अधिकांश पाठ्यक्रम से सम्बन्धित किताबें और हाल ही कि रिसर्च से सम्बंधित पुस्तके प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई है। इस अवसर पर गढ़वाल विवि के शिक्षकों द्वारा एनईपी–2020 के तहत लिखी विभिन्न पाठ्यक्रमों की पुस्तकों का विमोचन किया गया।

मंगलवार को बिड़ला परिसर के केंद्रीय पुस्तकालय में लगी पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने किया। इस मौके पर कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने पुस्तकालय की वेबसाइट का लोकार्पण करते हुए कहा कि डिजिटल युग में पुस्तकालय का डिजिटलाइजेशन होना बहुत जरूरी है। कहा कि पुस्तकालय का डिजिटलाइजेशन होने से छात्र, शोधार्थी सहित फैकल्टी को काफी फायदा मिलेगा। कहा कि यह पिछले कई सालों का परिणाम है कि आज गढ़वाल विवि के पुस्तकालय का डिजिटलाइजेशन और ओटोमेशन पूरा कर वेबसाइट लांच की गई है। कहा कि अब छात्र, शोधार्थी और पुस्तक प्रेमी अपने ई–रिसोर्स का इस्तेमाल कहीं और कभी भी कर सकते है। कहा कि इस तरह कि पुस्तक प्रदर्शनी से बुक कल्चर को बढ़ावा देने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि गढ़वाल विवि के फैकल्टी की एनईपी–2020 पाठ्यक्रम के तहत जिन पुस्तकों का विमोचन हुआ है वह पुस्कालय को नये मुकाम तक पहुंचायेगी।

प्रो. नौटियाल ने कहा कि आने वाले वर्षों में पुस्तक प्रदर्शनी गढ़वाल विवि के अन्य कैंपसों में रोटेशनवाइस आयोजित की जायेगी। पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. एमएस राणा ने बताया कि पुस्तक प्रदर्शनी में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के करीब 80 प्रकाशक अपने प्रतिष्ठानों के नवीनतम संस्करणों की 20 हजार से अधिक पुस्तकों का प्रदर्शन कर रहे है। जिसका मूल्य लगभग 10 करोड़ से अधिक है। उन्होंने सभी पाठकों व पुस्तक प्रेमियों को पुस्तक प्रदर्शनी में आमंत्रित किया है। उन्होंने सभी अध्यापकों, शोधकर्ताओं व छात्र–छात्राओं से पुस्तक प्रदर्शनी का लाभ उठाने को कहा है। इस मौके पर निदेशक पौड़ी परिसर पीपी बडोनी, संजय गौतम सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# पात्र 17 लाभार्थियों को उज्जवला योजना के तहत बांटे गैस कनेक्शन




जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत तल्ला नागपुर चोपता क्षेत्रांर्गत चोपता में कार्यक्रम आयोजित कर पात्र 17 लाभार्थियों को उज्वला योजना के निःशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए।

तुंगेश्वर भारत गैस सर्विस की ओर से केदारनाथ विधायक श्रीमती शैला रानी रावत की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने क्षेत्र के पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए गए। विधायक ने उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है तथा सभी जनमानस को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत ग्रामीणों को उपलब्ध हो इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का देश एवं प्रदेश के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित कर लोगों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराकर लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो तथा लकड़ी के धुंऐ से किसी प्रकार की कोई बीमारी न हो इसके लिए उज्वला योजना के तहत महिलाओं की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए उज्वला गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने तुंगेश्वर भारत गैस सर्विस की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा क्षेत्र में गैस एजेंसी के संचालन से क्षेत्र की जनता को चोपता में ही आसानी से गैस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

उन्होंने सभी से अपेक्षा की है कि इस योजना के तहत जनपद में 413 लाभार्थियों का चयन किया गया है तथा अब तक 392 लोगों को निःशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं शेष पात्र लोगों को गैस उपलब्ध कराए जाने की कार्यवाही गतिमान है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन भट्ट, जिला मंत्री गंभीर सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान मयकोटी अमित प्रदाली, बीरों देवल सुनीता रावत, महिला मंगल दल अध्यक्ष अनिता देवी, तुंगेश्वर भारत गैस एजेंसी के प्रबंधक भुवन भंडारी, मानेंद्र कुमार, हिम्मत रावत, राकेश रावत, अर्जुन सिंह नेगी, दुर्गा करासी, जीत सिंह मेवाल, दलवीर राणा, सूरजपाल गुसाईं, सुमित्रा भंडारी, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार डोभाल, चौकी प्रभारी दुर्गाधार सूरज कंडारी सहित क्षेत्र की जनता एवं संबंधित अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बंड मेले में वीर बालकों को किया याद

चमोली : बदरीनाथ यात्रा पथ पर पीपल कोटी में आयोजित बंड मेले में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा अपने प्राणों की परवाह किए बिना दशमेश गुरु गुरु गोविंद सिंह साहब के वीर बालकों जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए अपना जो बलिदान दिया है, वह अविस्मरणीय है। वीर बाल दिवस पर भाजपा अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने वीर बालकों जोरावर सिंह और फहेत सिंह की शान में बंड मेले के मंच पर गीतात्मक रूप में कविता पढ़ी और मंच पर मौजूद अन्य लोगों ने भी वीर बालकों की प्रतिष्ठा में गयी कविता को दोहराया।

मंगलवार को बंड मेले के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा कि बंड मेले का आयोजन अपने उद्देश्यों में सदैव सफल रहा है। यह मेला चमोली जिले में ही नहीं उत्तराखंड पर्वतीय क्षेत्रों का प्रसिद्ध और सफल मेला बनने में सफल हो। बंड मेले के अध्यक्ष अतुल शाह और मेले के आयोजकों की मांगो पर उन्होंने सहमति जताते हुए मुख्यमंत्री तक जन अपेक्षाओं को रखने की बात कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने अयोध्या में निर्मित भगवान श्रीराम के मन्दिर को बड़ी तपस्या का प्रतिफल बताया। कहा 22 जनवरी को भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का अवसर पुण्य अवसर होगा। कहा समय पर चमोली जिले के हर गांव से राम भक्त अयोध्या जायेंगे।


## दून फिनकार्प सर्विस

### आवश्यकता है

सेल्स एवं मार्केटिंग एक्सक्यूटिव की आवश्यकता है, फाईनेंस (ऋण) इन्डसट्री के लिए। निश्चित वेतन एवं इन्सेंटिव भी दिया जायेगा। इच्छुक अपना रिसयूम भेजे एवं संपर्क करें।

दून फिनकार्प सर्विस

**(प्रो. संदीप गुंसाई)**

**सम्पर्क 9897034862**

**फर्स्ट फ्लोर, अपोजिट सृष्टि होन्डा, देवी रोड़, नियर देवी मंदिर, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल।**


# कंडारा में कथा के दौरान निकाली जल कलश यात्रा

रुद्रप्रयाग : कंडारा गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा के छटवें दिन जल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। इस मौक पर माहौल भक्तिमय हो गया। विद्वान आचार्य गोपाल जी द्वारा पूजा अर्चना के बाद जल कलश यात्रा निकाली गई जो विभिन्न मार्ग से होते हुए कथा मंडप तक पहुंची। यहां ज्योतिषीठ बदरीकाश्रम व्यासपीठालंकृत आचार्य शिवप्रसाद ममगांई ने कथा वाचन करते हुए कहा कि वैराग्य के बिना भक्ति बोझिल है।

भक्ति विहीन जीवन निःस्वाद है, जैसे कई प्रकार के व्यंजन बनाने पर नमक नही पड़ा उसी तरह सुख प्राप्ति पर भक्ति नही है तो ऐसे जीवन की निःस्वादता है। ज्ञान की बातें कहने की नहीं हैं ज्ञान का अनुभव करना है। ज्ञानी पुरुष में किसी भी समय ज्ञान का अभिमान नही रहता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को प्रभु अराधना करनी चाहिए। जीवन को ऐसे व्यर्थ न जाने दें। इस मौके पर महीधर प्रसाद गैरोला, रजनी गैरोला, चारधाम हक-हकूकधारी के महासचिव हरीश डिमरी, भाजपा की पूर्व जिलाध्यक्ष शकुन्तला जगवाण, पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवेश्वरी देवी, लक्ष्मी प्रसाद भट्ट, कविता डिमरी, राजेन्द्र पंत, दीपा पंत, बीना थपलियाल, सुमित्रा थपलियाल, कुशुम डिमरी, हरीश चन्द्र डिमरी, कमलेश प्रसाद गैरोला, विनोद गैरोला, पुरुषोतम, प्रमोद गैरोला, संदीप डिमरी, रमेश चन्द्र गैरोला, हर्षमणी गैरोला, मनोज गैरोला, देवी प्रसाद गैरोला, राकेश गैरोला, दीर्घायु प्रसाद प्रदाली, आचार्य दिवाकर भट्ट, आचार्य संदीप बहुगुणा, आचार्य हिमांशु मैठाणी, आचार्य अंकित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## ।। कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल) ।।

पत्रांक :- /कर अनु0/भव0ना0/2023-24 दिनांक :-

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्यों को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

| क्र0 सं0 | सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम | भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (नाम जो निरस्त होना है) | आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है) | सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 227 /160 | 227/160 वार्ड नं0 13 गैराज मार्ग कोटद्वार | स्व0 शशिधर भटट पुत्र स्व0 भवानीदत्त भटट के द्वारा की गयी अपने वसीयतनामा के आधार पर भवन/गैराज डेढ़ गैराज में से एक गैराज का हिस्सा | श्रीमती ममता भटट पत्नी स्व0 श्री राकेश मोहन भटट एवं श्री साहिल भटट व श्री रोहन भटट पुत्रगण स्व0 श्री राकेश मोहन भटट के नाम भवन/गैराज डेढ गैराज में से एक गैराज का हिस्सा | आवेदिका के स्व0 श्री शशीधर भटट के द्वारा की गयी वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र व उत्तरजीवी प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र |

**सहायक नगर आयुक्त**

(1524/51) **नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।**

## सम्पादकीय

# हमले हताशा की प्रतिक्रिया

जम्मू कश्मीर के हालात एक बार फिर से बिगड़ते हुए नजर आ रहे हैं और यहां पाकिस्तान के संरक्षण में पलने वाले आतंकी संगठन गड़बड़ी फैलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। हाल ही में नमाज करते एक पूर्व सुरक्षा अधिकारी को टारगेट किलिंग के तहत मौत के घाट उतार दिया गया था। इससे पूर्व भी घाटी में घात लगाकर हमने एवं टारगेट की लिंक की कई घटनाएं सामने आ चुकी है। साफ है कि अभी भी सीमा पर घुसपैठ की हरकत खत्म नहीं हुई है और कहीं ना कहीं सुरक्षा में खामियों का लाभ उठाकर सीमा पार से आतंकी आ रहे हैं। एक बात तो यह भी स्पष्ट है कि घाटी में अभी भी ऐसे लोगों की संख्या काम नहीं है जो सीमा पार से आने वाले आतंकवादियों की मदद कर रहे हैं और उन्हें संरक्षण प्रदान कर रहे हैं। बिना स्थानीय सहयोग के इन आतंकवादियों के लिए घाटी में छिपना संभव नहीं है, लिहाजा यह जरूरी है कि सरकार अब ऐसे लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करें जिनके संपर्क आतंकी संगठनों से जुड़े हुए नजर आते हो। आज भी घाटी में ऐसे लोग मौजूद है जो युवाओं को जिहाद के सपने दिखाकर उन्हें पथभ्रष्ट कर रहे हैं। सबसे जरूरी तो यह है कि सीमा पार से होने वाली घुसपैठ को रोका जाए। जब तक सीमा पर व्यवस्थाएं पुख्ता नहीं होगी तब तक घाटी के अंदर हमें इस प्रकार की आतंकी घटनाओं को झेलना ही होगा। इससे पूर्व भी आतंकवादियों ने घात लगाकर सुरक्षा कर्मियों पर हमले किए हैं और पूंछ में सेना के काफिले पर हमले की घटना ने यह साफ कर दिया है कि यह घटनाएं अभी कम नहीं हुई है। एक लंबे समय बाद घाटी में शांति व्यवस्था कायम करने में सरकार सफल हुई है लेकिन पड़ोसी देश को यह सब रास नहीं आ रहा है और उनकी जमीन पर पड़ने वाले आतंकी संगठनों को भारत में गड़बड़ी फैलाने के लिए हर प्रकार की सुविधा महिया कराई जा रही है। पुंछ में सेवा के काफिले पर हमला करने वालों को अभी तक पकड़ा नहीं गया है, और यदि यह लोग एक बड़ा हमला करने के बाद वापस पाकिस्तान लौटने में कामयाब हुए तो आने वाले समय में भारत को इसके और अधिक घातक परिणाम भुगतने पढ सकते हैं। एक बार फिर हिंदुस्तान को आतंकी संगठनों को नष्ट करने के लिए बड़ा अभियान छेड़ने होगा अन्यथा इस प्रकार की घटनाएं समय-समय पर होती रहेगी। केंद्र सरकार का नजरिया आतंकवाद के विनाश को लेकर स्पष्ट है और इसका असर देखने को भी मिला है। अपने टूटे साम्राज्य तथा घाटी में लौट रही शांति के बाद आतंकी पड़ोसी देश के संरक्षण से पुनः हरकतें कर यह जताने का प्रयास कर रहे हैं कि आज भी घाटी में उनका असर कायम है।

# राजा राम की नगरी का विकास तो राजसी हो!

**विनीत नारायण**

नव निर्माण के उत्साह में प्राचीन मंदिरों के प्राण प्रतिष्ठित विग्रहों को अपमानित या ध्वस्त न किया जाए, बल्कि उन्हें ससम्मान दूसरे स्थान पर ले जाकर स्थापित कर दिया जाए।यहाँ ये याद रखना भी आवश्यक है कि किसी भी प्राण प्रतिष्ठित विग्रह की उपेक्षा करना, उनका अपमान करना या उनका विध्वंस करना सनातन धर्म में जघन्य अपराध माना जाता है। इसे ही तालिबानीपना कहा जाता है। जैसा अनेक मुसलमान शासकों ने मध्य युग में और हाल के वर्षों में कश्मीर, बांग्लादेश व अफग़ानिस्तान में मुसलमानों ने किया। इतिहास में प्रमाण हैं कि कुछ हिंदू राजाओं ने भी ऐसा विध्वंस बौद्ध विहारों का किया था।

एक्स-ट्विटरपर एक पोस्ट देखी। इसमें अयोध्या में रामलला के विग्रह को रज़ाई उढ़ाने का मज़ाक़ उड़ाया गया है। उस पर मैंने निम्न पोस्ट लिखी जो शायद आपको रोचक लगे। वैष्णव संप्रदायों में साकार ब्रह्म की उपासना होती है। उसमें भगवान के विग्रह को पत्थर, लकड़ी या धातु की मूर्ति नहीं माना जाता। बल्कि उनका जागृत स्वरूप मानकर उनकी सेवा- पूजा एक जीवित व्यक्ति के रूप में की जाती है। ये सदियों पुरानी परंपरा है। जैसे श्रीलड्डूगोपालजी के विग्रह को नित्य स्नान कराना, उनका श्रंगार करना, उन्हें दिन में अनेक बार भोग लगाना और उन्हें रात्रि में शयन कराना। ये परंपरा हम वैष्णवों के घरों में आज भी चल रही है। 'जाकी रही भावना जैसी-प्रभु मूरत देखी तीन तैसी।'

इसीलिए सेवा पूजा प्रारंभ करने से पहले भगवान के नये विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। इसका शास्त्रों में संपूर्ण विधि विधान है। जैसा अब रामलला के विग्रह की अयोध्या में भव्य रूप से होने जा रही है। यह सही है कि हर राजनैतिक दल अपना चुनावी एजेंडा तय करता है और उसे वह इस आशा में आगे बढ़ाता है कि उसके जरिये वह दल चुनाव की वैतरणी पार कर लेगा। 'गरीबी हटाओ', 'चुनिए उन्हें जो सरकार चला सकें' या 'बहुत हुई महंगाई की मार- अबकी बार मोदी सरकार' कुछ ऐसे ही नारे थे जिनके सहारे कांग्रेस और भाजपा ने लोक सभा के चुनाव जीते और सरकारें बनाई।

इसी तरह 'सौगंध राम की खाते हैं, हम मंदिर वहीं बनाएंगे' वह नारा था जो संघ परिवार और भाजपा ने 90 के दशक से लगाना शुरू किया और 2024 में उस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। इसलिए आगामी 22 जनवरी को अयोध्या के निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर में भगवान के श्री विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। स्वाभाविक है कि मंदिर का निर्माण पूर्ण हुए बिना ही बीच में इतना भव्य आयोजन

> **सनातन धर्मी होने के कारण मेरा शुरू से यही मत रहा है कि अयोध्या, काशी और मथुरा में हिन्दुओं की परम आस्था के धर्म स्थानों पर मौजूद ये मस्जिदें कभी सांप्रदायिक सद्भाव नहीं होने देंगी। क्योंकि अपने तीन प्रमुख देवों श्रीराम, श्री शिव व श्री कृष्ण के तीर्थ स्थलों पर ये मस्जिदें हिन्दुओं को हमेशा उस अतीत की याद दिलाती रहेंगी जब मुसलमान आक्रांताओं ने यहां मौजूद हिन्दू मंदिरों का विध्वंस करके यहां मस्जिदें बनाईं थीं। अपने इस मत को मैंने इन 33 वर्षों में अपने लेखों और टीवी रिपोर्ट्स में प्रमुखता से प्रकाशित व प्रसारित भी किया।**

2024 के लोक सभा चुनावों को लक्ष्य करके आयोजित किया जा रहा है। पर ये कोई आलोचना का विषय नहीं हो सकता।

विगत 33 वर्षों में श्रीराम जन्मभूमि को लेकर जितने विवाद हुए उनपर आजतक बहुत कुछ लिखा जा चुका है। हर पक्ष के अपने तर्क हैं। पर सनातन धर्मी होने के कारण मेरा शुरू से यही मत रहा है कि अयोध्या, काशी और मथुरा में हिन्दुओं की परम आस्था के धर्म स्थानों पर मौजूद ये मस्जिदें कभी सांप्रदायिक सद्भाव नहीं होने देंगी। क्योंकि अपने तीन प्रमुख देवों श्रीराम, श्री शिव व श्री कृष्ण के तीर्थ स्थलों पर ये मस्जिदें हिन्दुओं को हमेशा उस अतीत की याद दिलाती रहेंगी जब मुसलमान आक्रांताओं ने यहां मौजूद हिन्दू मंदिरों का विध्वंस करके यहां मस्जिदें बनाईं थीं। अपने इस मत को मैंने इन 33 वर्षों में अपने लेखों और टीवी रिपोर्ट्स में प्रमुखता से प्रकाशित व प्रसारित भी किया। इसलिए आज अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण हर आस्थावान हिन्दू के लिए हर्षोल्लास का विषय है।

हर्ष का विषय है कि प्रभु श्रीराम के जन्म से लेकर राज्याभिषेक की साक्षी रही अयोध्या नगरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भव्य स्तर पर विकसित करने का संकल्प लिया और उसी प्रारूप पर आज अयोध्या का विकास हो रहा है ताकि दुनिया भर से आने वाले भक्त और पर्यटक अयोध्या का वैभव देखकर प्रभावित व प्रसन्न हों। भगवान श्री राम की राजधानी का स्वरूप भव्य होना ही चाहिए।

एक बात और कि जब मोदी जी प्रधान मंत्री बने और मुझे उनकी 'ह्रदय योजना' का राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया, तब से यह बात मैं सरकार के संज्ञान में सीधे और अपने लेखों के माध्यम से लाता रहा हूँ कि अयोध्या, काशी और मथुरा का विकास उनकी सांस्कृतिक विरासत के अनुरूप होना चाहिए, एकरूप नहीं। जैसे अयोध्या राजा राम की नगरी है इसलिए उसका स्वरुप राजसी होना चाहिए। जबकि काशी औघड़ नाथ की नगरी है जहां कंकड़-कंकड़ में शंकर बसते हैं। इसलिए उसका विकास उसी भावना से किया जाना चाहिए था न कि काशी कॉरिडोर बनाकर। क्योंकि इस कॉरिडोर में भोले शंकर की अल्हड़ता का भाव पैदा नहीं होता बल्कि एक राजमहल का भाव पैदा होता है।

ऐसा काशी के संतों, दार्शनिकों व सामान्य काशीवासियों का भी कहना है। इसी तरह मथुरा-वृन्दावन में जो कॉरिडोरनुमा निर्माण की बात आजकल हो रही है वह ब्रज की संस्कृति के बिलकुल विपरीत है। यह बात स्वयं बालकृष्ण नन्द बाबा से कह रहे हैं, "नः पुरो जनपदा न ग्रामा गृहावयम्, नित्यं वनौकसतात् वनशैलनिवासिनः" (श्रीमदभागवतम, दशम स्कंध, 24 अध्याय व 24 वां श्लोक), "बाबा ये पुर, ये जनपद, ये ग्राम हमारे घर नहीं हैं। हम तो वनचर हैं। ये वन और ये पर्वत ही हमारे निवासस्थल हैं।" इसलिए ब्रज का विकास तो उसकी प्राकृतिक धरोहरों जैसे कुंड, वन, पर्वत और यमुना का संवर्धन करके होना चाहिए, जहां भगवान श्री राधा-कृष्ण ने अपनी समस्त लीलाएं कीं। पर आज ब्रज तेजी से कंक्रीट का जंगल बनता जा रहा है। इससे ब्रज के रसिक संत और ब्रज भक्त बहुत आहत हैं। हमारे यहां तो कहावत है, 'वृन्दावन के वृक्ष को मरम न जाने कोय, डाल-डाल और पात पे राधे लिखा होय।'

यहां एक और गंभीर विषय उठाना आवश्यक है। वह यह कि नव निर्माण के उत्साह में प्राचीन मंदिरों के प्राण प्रतिष्ठित विग्रहों को अपमानित या ध्वस्त न किया जाए, बल्कि उन्हें ससम्मान दूसरे स्थान पर ले जाकर स्थापित कर दिया जाए।यहाँ ये याद रखना भी आवश्यक है कि किसी भी प्राण प्रतिष्ठित विग्रह की उपेक्षा करना, उनका अपमान करना या उनका विध्वंस करना सनातन धर्म में जघन्य अपराध माना जाता है।

इसे ही तालिबानी हमला कहा जाता है। जैसा अनेक मुसलमान शासकों ने मध्य युग में और हाल के वर्षों में कश्मीर, बांग्लादेश व अफग़ानिस्तान में मुसलमानों ने किया। इतिहास में प्रमाण हैं कि कुछ हिंदू राजाओं ने भी ऐसा विध्वंस बौद्ध विहारों का किया था। अगर किसी कारण से किसी प्राण प्रतिष्ठित विग्रह को या उसके मंदिर को विकास की योजनाओं के लिए वहाँ से हटाना आवश्यक हो तो उसका भी शास्त्रों में पूरा विधि-विधान है। जिसका पालन करके उन्हें श्रद्धा पूर्वक वहाँ से नये स्थान पर ले ज़ाया जा सकता है। पर उन्हें यूँ ही लापरवाही से उखाड़ कर कूड़े में फेंका नहीं जा सकता। ये सनातन धर्म के विरुद्ध कृत्य माना जाएगा। हर हिंदू इस पाप को करने से डरता है।

# 2023: दुनिया बिखरी, और बर्बर!

**श्रुति व्यास**

आईए, एक बासी-से वाक्य से शुरूआत करें! झ एक और साल दम तोड़ रहा है! मैं आपके बारे में नहीं जानती लेकिन मेरे लिए 2023 बहुत जल्दी बीत गया। मेरा अनुमान है कि 2020 से 2022 तक की थकान, पीड़ा और दुःख के बाद, 2023 एक ताज़ा हवा के झोंके सा था। 2023 वह सब करने का साल था, जो नहीं किया जा सका था, बाहर निकलकर चुनौतियों पर जीत हासिल करने का साल था। और हां ,बहुत सारी 'जीतें' हासिल भी की गईं।

महामारी के बाद दुनिया को दो जंगों का सामना करना पड़ा है। टेड्रोस एड्हानोम गेबरेयस (विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख, यदि आप भूल गए हों तो) के स्थान पर हमारे टेलिविजन सेटों पर, मोबाइल की स्क्रीनों पर, अखबारों और डिजीटल मीडिया पर हमने सभ्यताएं बिखरती देखीं, उनके वर्तमान और भविष्य को बर्बरता से नष्ट होते देखा। व्लादिमिर पुतिन टस से मस नहीं हुए। उन्होंने अड़े रहने की प्रतिज्ञा की और यही व्लादिमिर जेलेंस्की ने किया। शरद ऋतु आते-आते बीबी नेतन्याहू की निर्दयता सामने आई, और वे भी भविष्य में वही करने के लिए दृढ़ हैं, और हमास भी।

इसका नतीजा है दो युद्ध, जिन्होंने दुनिया को एक-दूसरे के प्रति कटुता से लबरेज दो गुटों में विभाजित कर दिया है, देशों और उनके नागरिकों को दोनों में से एक पक्ष का समर्थन करने पर मजबूर कर दिया झ एक का साथी और दूसरे का शत्रु बनने पर बाध्य कर दिया है। इसने दुनिया के दो माईबापों झ अमरीका और चीन झ के बीच पहले से चल रहे नए शीतयुद्ध की तीव्रता को भी बढ़ा दिया। लेकिन तुर्की से लेकर अर्जेंटीना तक लोकलुभावन वायदे करने वाले फल-फूल रहे हैं और डोनाल्ड ट्रंप और नरेन्द्र मोदी ताकतवर बने हुए हैं।

> **हमारे पहलवानों को उनके सम्मान से वंचित कर दिया गया है, संसद में, उनके घरों में और राजनीति में विपक्ष की मौजूदगी और भागीदारी में बार-बार बाधाएं हैं।वे थके, घबराए और लावारिश है। कुछ जेल में हे, जेल भेजा जा रहा है। और कुछ अन्य को ईडी के समन भेजे जा रहे हैं। और इस बीच जहां हमारी प्रेस और मीडिया मोदी के अमृतकाल को सुर्खियों में बनाये हुए है, वहीं एनवायटी भारत को कड़वे सच का आईना दिखा रहा है।कोरोना काल के दो साल उन्माद और भय में बिताने के बाद हम आशा की किरण के लिए तरस रहे थे। लेकिन 2023 में मुसीबतें और बढ़ीं तथा साल जबरदस्त राजनैतिक खींचतान, अहं के टकराव, और छाती पीटने का साल साबित हुआ।**

इस बीच 'अपने दामाद' ऋषि सुनक तमाम खामियों के बावजूद 10, डाउनिंग स्ट्रीट में टिके हुए हैं और उनकी देखरेख में यूके एलीजाबेथ युग से नए कैरोलियन युग में प्रवेश कर रहा है। हमारे पड़ोसी पाकिस्तान में और अधिक राजनैतिक व आर्थिक अराजकता के हालात बने हैं। और इस सारे घटनाक्रम के दौरान दुनिया का तापमान बढ़ रहा है, महंगाई बढ़ती जा रही है और समाज बेहूदा होता जा रहा है। राजनीति और धर्म के बीच की दीवार ढ़हती जा रही है दोनों एक-दूसरे के रंग में रंगते जा रहे हैं।

हमारे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबसे लोकप्रिय राजनेता और प्रभावशाली व्यक्तित्व बने हुए हैं, और अपने फायदे के लिए चतुराई से राजनीति, धर्म और देशभक्ति का उपयोग कर रहे है। उनकी मौजूदगी ईश्वर की तरह सर्वव्यापी है, मामूली चीजों से लेकर भारत में हुए सबसे बड़े आयोजन, जी20 के उद्घाटन तक में। उन्होंने भारत को 'चन्द्रमा पर पहुंचाया' और नए भारत में भगवान राम की वापसी सुनिश्चित की! वे अत्यंत व्यस्त हैं, वे चुनावों में अपनी पार्टी और पार्टीजनों की सहायता करते हैं, इमेन्युअल मैक्रॉ और जियोर्जिया मेलोनी से मित्रता करते हैं और जस्टिन ट्रूडो और उनके कनाडा को उनकी औकात का अहसास कराते हैं। वे योजनाओं का उद्घाटन करते रहते हैं, गारंटियां देते हैं, अपने पुराने दोस्त बाइडन को गले लगाते हैं, नया संसद भवन, नई विधियां, नए कानून देते हैं और यह सब इतनी तेजी से हो रहा है कि नरेन्द्र मोदी की गति से सामंजस्य बिठाना मुश्किल है। पूरा देश उनके पीछे भागा-भागा है।तभी मोदी उन्माद और उसमें भागते रहने में, नएपन में, हमारे देश का एक राज्य मणिपुर मई माह से जल रहा है। हमारे पहलवानों को उनके सम्मान से वंचित कर दिया गया है, संसद में, उनके घरों में और राजनीति में विपक्ष की मौजूदगी और भागीदारी में बार-बार बाधाएं हैं।वे थके, घबराए और लावारिश है। कुछ जेल में हे, जेल भेजा जा रहा है। और कुछ अन्य को ईडी के समन भेजे जा रहे हैं। और इस बीच जहां हमारी प्रेस और मीडिया मोदी के अमृतकाल को सुर्खियों में बनाये हुए है, वहीं एनवायटी भारत को कड़वे सच का आईना दिखा रहा है।कोरोना काल के दो साल उन्माद और भय में बिताने के बाद हम आशा की किरण के लिए तरस रहे थे। लेकिन 2023 में मुसीबतें और बढ़ीं तथा साल जबरदस्त राजनैतिक खींचतान, अहं के टकराव, और छाती पीटने का साल साबित हुआ। एक ऐसा साल जो निराशाओं और गहन ध्रुवीकरण में फंसा रहा। उम्मीद जगाने वाली घटनाओं के बजाए दुनिया में अनहोनी होती रही, और राजनैतिक और व्यवस्था संबंधी टकराव हमारे रोजमर्रा के जीवन में गहराई तक घर कर गए। 2023 एक ऐसा साल बना है जैसा हम कभी नहीं चाहते थे!

## ईरानी राष्ट्रपति ने इजरायली हमले में मारे गए आईआरजीसी कमांडर पर शोक जताया

**तेहरान ,एजेंसी।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने सीरिया की राजधानी दमिश्क में इजरायली मिसाइल हमले में मारे गए इस्लामिक रेवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) कमांडर के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। ईरानी राष्ट्रपति कार्यालय की वेबसाइट पर जारी पोस्ट में श्री रायसी ने कहा , इजरायल का दुर्भावनापूर्ण कदम क्षेत्र में उसकी हताशा, कमजोरी और असहायता का एक और संकेत है। इजरायल निश्चित रूप से अपने अपराध की कीमत चुकाएगा।

## अमेरिका में कोरोना का नया वेरिएंट जेएन.1 लगभग आधे मामलों के लिए जिम्मेदार

**लॉस एंजिल्स ,एजेंसी।** अमेरिका में कोरोना का नया वेरिएंट जेएन.1 तेजी से फैल रहा है और अब यह देश में कोविड–19 के नवीनतम मामलों में लगभग आधे के लिए जिम्मेदार है। अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के हवाले से मंगलवार को दी। जेएन.1 वर्तमान में अमेरिका में सबसे तेजी से फैलने वाला और मुख्य वेरिएंट है। सीडीसी के अनुसार, यह पूरे देश में 44 प्रतिशत से ज्यादा नए संक्रमणों के लिए जिम्मेदार है, जो पहले रिपोर्ट किए गए 21.4 प्रतिशत से दुगुने से ज्यादा है।सीडीसी का अनुमान है कि न्यू जर्सी और न्यूयॉर्क सहित पूर्वोत्तर क्षेत्रों में जेएन.1 सबसे मजबूत स्थिति में है, जहां यह लगभग 57 प्रतिशत मामलों के लिए जिम्मेदार है। जेएन.1 वेरिएंट बीए.2.86 से निकट संबंधित है जिसे सीडीसी अगस्त से ट्रैक कर रहा है। यह पहली बार सितंबर 2023 में अमेरिका में पाया गया था। सीडीसी ने कहा कि जेएन.1 अन्य वेरिएंटों की तुलना में ज्यादा संक्रामक है या अन्य संचारी वेरिएंट की तुलना में मानव प्रतिरक्षा प्रणाली से बचने में ज्यादा बेहतर है।

## लेबनान–इजरायल सीमा पर संघर्ष, हिजबुल्ला के 2 लड़ाके की मौत, 5 नागरिक घायल

**बेरूत ,एजेंसी।** लेबनान–इजरायल सीमाओं पर हुए संघर्ष में हिजबुल्लाह के दो लड़ाके मारे गए जबकि पांच नागरिक घायल हो गए। यह जानकारी मंगलवार को सिन्हुआ ने लेबनानी सैन्य सुत्रों के हवाले से दी। सूत्रों ने कहा कि दक्षिणी लेबनान के कम से कम 21 सीमावर्ती गांवों और कस्बों में इजरायल द्वारा की गई भारी गोलाबारी और दक्षिण लेबनान के कई इलाकों में इजरायली लड़ाकू विमानों द्वारा किए गए हमलों के कारण ये लोग हताहत हुए हैं। सूत्रों ने कहा कि इजरायली बमबारी में सात घर तबाह हो गए और 22 घरों और पांच वाहनों को नुकसान पहुंचा। हिजबुल्लाह ने भी यह दावा किया कि उसके लड़ाकों ने इजरायली ठिकानों पर कई हमले किए, जिनमें मिसकाव एम बस्ती में इमारतें, बिरकत रिशा स्थल पर इजरायली सैनिकों की एक सभा आदि को निशाना बनाया गया। ।

## चीन ने समुद्र से 3 उपग्रहों का किया प्रक्षेपण

**यांगजियांग ,एजेंसी।** चीन ने मंगलवार को अंतरिक्ष में लांग मार्च–11 वाहक रॉकेट का सफल प्रक्षेपण किया और तीन उपग्रहों को नियोजित कक्षा में भेज दिया।

ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र ने दक्षिण चीन के गुआंगडोंग प्रांत के यांगजियांग तट से मंगलवार सुबह छह बजकर 39 मिनट (बीजिंग समयानुसार) पर रॉकेट का प्रक्षेपण किया। शियान–24सी नामक उपग्रहो का उपयोग मुख्य रूप से अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के लिए किया जाएगा।


## पुतिन ने मित्र देशों के लिए टैरिफ वरीयता पर कानून पर किए हस्ताक्षर

**मॉस्को ,एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक कानून पर हस्ताक्षर किए हैं जो सरकार को मित्र देशों को कुछ वस्तुओं के निर्यात शुल्क को अस्थायी रूप से कम करने या पूरी तरह से समाप्त करने का अधिकार देता है।

हस्ताक्षरित कानून रूसी सरकार को छह महीने तक की अवधि के लिए मित्र देशों को शिपमेंट पर निर्यात शुल्क कम करने का अधिकार देगा।

# हमलावरों को सागरतल से भी ढूंढ निकालेंगे, 'एमवी केम प्लूटो' पर ड्रोन हमले को लेकर बोले राजनाथ





**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अरब सागर में हाल में हुए 'एमवी केम प्लूटो' पर ड्रोन हमले और कुछ दिन पहले लाल सागर में 'एमवी साई बाबा' पर हुए हमले को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

मंगलवार को नवनिर्मित युद्धपोत आईएनएस इंफाल को नौसेना में शामिल किए जाने के मौके पर राजनाथ सिंह ने कहा कि आजकुल समुद्र में हलचल बढ़ गई है। भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताक़त ने कुछ ताक़तों को ईर्ष्या और द्वेष से भर दिया है। उन्होंने कहा कि अरब सागर में हाल में हुए 'एमवी केम प्लूटो' पर ड्रोन हमले और कुछ दिन पहले लाल सागर में 'एमवी साई बाबा' पर हुए हमले को भारत सरकार ने बहुत गंभीरता से लिया है। भारतीय नौसेना ने समंदर की निगरानी बढ़ा दी है। जिसने भी इस हमले को अंजाम दिया है, उन्हें हम सागरतल से भी ढूंढ निकालेंगे और उनके ख़िलाफ़ कठोर कारवाई की जाएगी।

इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना के नवनिर्मित 'युद्धपोत 'आईएनएस इम्फ़ाल' को रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताते हुए कहा है कि इससे नौसेना की मारक क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद समुद्री क्षेत्र में देश की ताकत बढ़ाने के उद्देश्य से नौसेना को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। एक लंबे समय तक पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर जमीनी खतरे को ही तवज्जो दी जाती रही। इसे देखते हुए सेना और वायु सेना पर तो ध्यान दिया जाता था, किंतु नौसेना पर उतना ध्यान नहीं दिया जाता था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व में, उनके दृष्टिकोण ने नौसेना के महत्व को रेखांकित किया और आज नौसेना पर भी उतना ही ध्यान दिया जा रहा है जितना अन्य दोनों सेनाओं पर।"

रक्षा मंत्री ने कहा कि यदि हम अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की बात करें तो उत्तर में हिमालय के कारण, और पश्चिम में पाकिस्तान के शत्रुतापूर्ण व्यवहार के कारण वहां से हमारा व्यापार ज्यादा नहीं हो पाता। हमारा ज्यादातर व्यापारिक सामान समुद्र से होकर आता है। इसलिए नौसेना को मजबूत बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा , " आईएनएस इम्फाल भारत की बढ़ती समुद्री ताकत को दिखाता है और यह हिन्द प्रशांत क्षेत्र में "जलमेव यस्य, बलमेव तस्य", यानी 'जिसका जल, उसका बल' के हमारे सिद्धांत को और मजबूती प्रदान करेगा। "

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत पूरे हिन्द महासागर क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने वाले देश की भूमिका में है। उन्होंने कहा, "हम सुनिश्चित करेंगे कि इस इलाक़े में होने वाला समुद्री व्यापार सागर से उठकर आसमान की बुलंदियों तक पहुंचे। इसके लिए हम मित्र देशों के साथ मिलकर समुद्री क्षेत्र को व्यापार के लिए सुरक्षित बनाए रखेंगे। "

## जम्मू–कश्मीर: सुरक्षाबलों ने पुलवामा में तीन संदिग्धों को किया गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों ने तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया। सुरक्षाबनों ने उनके पास से हथियार भी बरामद किए हैं। यह जानकारी सेना ने मंगलवार को दी। पुलवामा गांव में सेना एवं जम्मू–कश्मीर पुलिस द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान के दौरान शुरू किए गए घेराबंदी और तलाश अभियान में तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से दो पिस्तौल भी बरामद किया गया।

सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,"विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, 25 दिसंबर, 2023 को पुलवामा के पांजू और गमीराज में सेना और जम्मू–कश्मीर पुलिस द्वारा एक संयुक्त घेराबंदी एवं तलाश अभियान (कासो) चलाया गया। तीनों संदिग्धों को दो पिस्टल और अन्य युद्ध जैसे सामाग्रियों के साथ गिरफ्तार किया गया।" सेना ने यह भी कहा कि संदिग्धों से संयुक्त रूप से पूछताछ की जा रही है।

# इंडिया गठबंधन से कोई नाराजगी नहीं, नीतीश ने तोड़ी चुप्पी, कहा, मुझे किसी पद की इच्छा नहीं




**पटना, एजेंसी।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा है कि अटल जी जब तक देश के प्रधानमंत्री रहे तब तक दूसरे धर्म के लोगों को कोई दिक्कत नहीं हुई, लेकिन आज क्या हो रहा है? आज स्थितियां बदल गई। इशारे में नीतीश कुमार ने बीजेपी की हिंदूवादी नीति पर तंज कस दिया। नीतीश ने कहा कि अटल जी से मेरे बहुत अच्छे संबंध रहे। वह मुझे बहुत मानते थे। उन्होंने मुझे अपनी कैबिनेट में जगह दी, फिर यहां का मुख्यमंत्री बनाया। उनका (अटल जी) इतना अच्छा काम था। हम आजीवन उनका सम्मान करेंगे। मेरा बहुत लगाव था। इस दौरान इंडिया गठबंधन की बैठक पर नीतीश कुमार ने पहली बार कुछ कहा है।नीतीश ने कहा है कि मेरी नाराजगी की बात गलत है, बैठक से मैं नाराज नहीं हूं। पिछले दिनों यह कयास लगाया गया था कि बैठक में खडग़े का नाम प्रस्तावित किए जाने को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नाराज हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि वह गठबंधन से बिलकुल भी नाराज नहीं हैं। उनकी बस इतनी इच्छा है कि विपक्ष एकजुट हो और देश का इतिहास बदलने वाले लोगों के खिलाफ लड़ाई लड़ी जाए। नीतीश ने कहा है कि राज्य दर राज्य जल्दी से सीट बंटवारा हो जाना चाहिए। ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल की ओर से प्रधानमंत्री उम्मीदवार के तौर पर मल्लिकार्जुन खडग़े का नाम आगे करने के सवाल पर नीतीश कुमार ने कहा कि मुझे किसी पद की इच्छा नहीं है।

# कोविड 19 : देश में कोरोना के सक्रिय मामले 4100 के पार, बीते 24 घंटों में तीन मरीजों की हुई मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में कोरोना ने एक बार फिर तेजी से अपने पैर पसारना शुरू कर दिए हैं। देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4170 हो गई है। बीते 24 घंटों के दौरान देश में कोरोना के 412 नए मामले सामने आए हैं, वहीं तीन मरीजों की कोरोना से मौत हुई है। यह तीनों मौतें कर्नाटक में हुई हैं। राहत की बात यह है कि 24 घंटों में 293 मरीज ठीक भी हुए हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के सबसे अधिक मामले कर्नाटक में सामने आए हैं। राज्य में कोरोना के कुल एक्टिव केस 92 हो गए हैं, वहीं, तेलंगाना में 9 केस एक्टिव हैं। राहत की बात यह है कि केरल में कोरोना के मामलों में गिरावट आई है। यहां सबसे अधिक मरीज कोरोना से रिकवर हुए हैं। बीते 24 घंटों के दौरान केरल में 292



मरीज कोरोना से स्वस्थ हुए हैं।

बता दें कि केंद्र सरकार कोविड के नए वेरिएंट को लेकर पूरी तरह से अलर्ट है। वहीं, कर्नाटक, पंजाब समेत कई राज्य सरकारों ने अलर्ट जारी कर दिए हैं। पंजाब की भगवत मान सरकार ने अमृतसर में पहला मामला सामने आने के बाद लोगों से मास्क लगाने और भीड़–भाड़ इलाकों में नहीं जाने की अपील की है।

## कुश्ती संघ को भंग करने की झूठी खबरें फैला रही केंद्र सरकार; प्रियंका बोलीं, सिर्फ गतिविधियों को रोका है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बृजभूषण सिंह के करीबी संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से विवाद देखने को मिल रहा था। हालांकि केंद्र सरकार ने संघ को निलंबित कर दिया है। इस मामले पर अब प्रियंका गांधी ने बयान देते हुए कहा है कि केंद्र सरकार कुश्ती संघ को भंग करने की फर्जी खबर फैला रही है। कुश्ती संघ को भंग नहीं किया गया है, सिर्फ उसकी गतिविधियों को रोका गया है, ताकि भ्रम फैलाकर आरोपी को बचाया जा सके। एक पीड़ित महिला की आवाज दबाने के लिए इस स्तर पर जाना पड़ रहा है?उन्होंने लिखा कि देश को गौरवान्वित करने वाली नामचीन खिलाड़ियों ने भाजपा सांसद पर यौन शोषण का आरोप लगाया तो सरकार आरोपी के साथ खड़ी हो गई। प्रियंका गांधी ने अपने पोस्ट में आगे लिखा कि पीड़िताओं को प्रताड़ित और आरोपी को पुरस्कृत किया।

# भारत का ऐतिहासिक कदम,यूएई को तेल खरीद के बदले पहली बार रुपए में भुगतान

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** भारत ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए और भारतीय मुद्रा को मजबूत बनाने की कोशिश में लंबी छलांग लगाते हुए संयुक्त अरब अमीरात को कच्चे तेल की खरीद के बदले पहली बार रुपये में भुगतान किया है। यह कदम मुख्य रूप से द्विपक्षीय व्यापार में भारतीय राष्ट्रीय मुद्रा रुपये के उपयोग को बढ़ावा देने के रूप में बड़ी पहल है। अपनी 85 प्रतिशत से अधिक तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत आयात पर निर्भर है। इसके लिए उसे बड़े पैमाने पर डॉलर में भुगतान करना होता है।

इंडियन आयल कारपोरेशन ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी से 10 लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद का भुगतान भारतीय रुपये में किया है। इसके अलावा रूस से आयात किए गए क्रूड ऑयल के कुछ हिस्से का भी भुगतान रुपये में किया गया है। बता दें कि जुलाई में, भारत ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी से कच्चे तेल की खरीद के बदले में भारतीय रुपये में भुगतान करने का संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि वह अन्य आपूर्तिकर्ताओं के साथ इसी तरह के सौदे की तलाश में है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देने के उद्देश्य से भारत जैसे कई देश व्यापार के लिए अमेरिकी डॉलर का उपयोग करने से दूर जा रहे हैं

# 5 रन पर गिरे 7 विकेट, तीन बल्लेबाजों का नहीं खुला खाता



नई दिल्ली। टी–20 क्रिकेट को बल्लेबाजों का गेम कहा जाता है। इस फॉर्मेट में जमकर चौके–छक्कों की बरसात होती है। गेंदबाजों के लिए इस फॉर्मेट में सबसे बड़ा चैलेंज रनों पर लगाम लगाना होता है। हालांकि, टी–20 में भी गेंदबाज अपना दिन होने पर किसी भी बैटिंग ऑर्डर को ध्वस्त करने का दमखम रखते हैं। ऐसा ही नजारा बिग बैश लीग में देखने को मिला है, जहां गेंदबाजों ने कहर बरपाते हुए सिर्फ 5 रन के अंदर पर्थ स्कॉर्चर्स के 7 बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई है।

**5 रन पर गिरे सात विकेट**

दरअसल, बिग बैश लीग के 15वें मैच में मेलबर्न रेनेगेड्स की भिड़त पर्थ स्कॉर्चर्स के साथ हो रही है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पर्थ की टीम ने अपने शुरुआती दो विकेट महज 4 रन के स्कोर पर गंवाए। हालांकि, इसके बाद टीम की पारी को जोश इंग्लिस और एरोन हार्डी ने संभाला और तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी निभाई। इंग्लिस 64 रन की दमदार पारी खेलने के बाद पवेलियन लौटे।

# रिकवरी मोड में हार्दिक, टखने में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली ,हाल ही में हार्दिक पांड्या की आईपीएल 2024 के लिए उपलब्धता को लेकर काफी चर्चा हो रही है, कई रिपोर्टों में दावा किया गया है कि वह टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। लेकिन अगर सूत्रों की मानें तो पांड्या घूम रहे हैं और रिकवरी रूट पर हैं, जबकि उन्होंने कहा कि फिलहाल आईपीएल की उपलब्धता की बात थोड़ी दूर की कौड़ी है। 19 अक्टूबर को पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप मैच में भारत के लीग मैच के दौरान बाएं टखने में चोट लगने के बाद से पांड्या प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं। अभी हाल ही में, उन्हें गुजरात टाइटन्स से मुंबई इंडियंस में शामिल कर लिया गया और वह आईपीएल 2024 से पहले शीर्ष पद पर पांच बार के चैंपियनशिप विजेता कप्तान रोहित शर्मा की जगह लेते हुए टीम के कप्तान बन गए। विकास पर नज़र रखने वाले एक सूत्र ने बताया, हार्दिक इधर–उधर घूम रहे हैं, और वर्तमान में रिकवरी चरण में हैं मैच–फिट रहें, उनका जिम–वर्क जारी है और बाएं टखने में कोई बदलाव नहीं है इस महीने के लिए इंस्टाग्राम पर पांड्या की पोस्ट में उन्हें स्वतंत्र रूप से और बिना टखने को बांधे घूमते हुए दिखाया



गया है, सूत्र ने यह भी बताया कि मैच फिटनेस हासिल करने की राह जारी है। उनकी आईपीएल उपलब्धता की बात फिलहाल दूर की कौड़ी है क्योंकि टूर्नामेंट ढाई महीने से अधिक दूर है। सूत्र ने कहा, इसके अलावा, कई लोग एनसीए की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जो उनकी प्रगति के बारे में बताएगी, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि न केवल आईपीएल 2024 के लिए उनकी उपलब्धता के बारे में, बल्कि अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले भारत के टी20 के लिए भी। एनसीए की रिपोर्ट और संबंधित मंजूरी हार्दिक की भविष्य की उपलब्धता का निर्धारण करेगी। अब सभी की निगाहें अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारत की टी20 टीम पर होंगी, क्योंकि हार्दिक के अलावा, सूर्यकुमार यादव और रुतुराज गायकवाड़ क्रमशः अपने टखने और अनामिका की चोटों के लिए एनसीए में पुनर्वास से गुजरेंगे, जबकि इशान किशन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ व्यक्तिगत कारणों से टेस्ट से बाहर हो गए हैं।

# सूर्यकुमार यादव के टखने की चोट गंभीर, अफगानिस्तान टी20 सीरीज से हो सकते हैं बाहर

नई दिल्ली ,दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरिज के दौरान लगी टखने की चोट के कारण सूर्यकुमार यादव अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। भाग्य का मोड़ संभावित रूप से उन्हें छह सप्ताह तक कार्रवाई से बाहर रख सकता है, जिससे उनकी तत्काल भागीदारी पर ग्रहण लग सकता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में उनके पुनर्वास का विवरण देते हुए सूर्यकुमार की अनुपस्थिति की पुष्टि की।

बीसीसीआई के सूत्रों ने खुलासा किया कि 31 वर्षीय खिलाड़ी की वापसी का परीक्षण फरवरी में मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी में खेलने के साथ किया जाएगा, जो आसन्न इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले फिटनेस जांच के रूप में काम करेगा। बीसीसीआई से जुड़े एक सूत्र ने बताया, सूर्या ने पुनर्वास कार्य के लिए एनसीए को रिपोर्ट किया है और मेडिकल साइंस टीम ने फिलहाल उसे घायल बताया है। वह तीन सप्ताह बाद शुरू होने वाले अफगानिस्तान के खिलाफ मैचों में नहीं खेल पाएंगे. चूंकि उनके टेस्ट के लिए चुने जाने की संभावना नहीं है, इसलिए वह आईपीएल में खेलने से पहले अपनी फिटनेस की जांच करने के लिए संभवतः




फरवरी में रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए खेलेंगे।सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के अनुपलब्ध होने से चयनकर्ताओं को कप्तानी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।जब तक चयनकर्ताओं ने अस्थायी कप्तान के रूप में रवींद्र जडेजा को चुनने का फैसला नहीं किया, तब तक रोहित शर्मा के संभावित रूप से टीम का नेतृत्व करने की अटकलें सामने आईं। हालांकि, इंग्लैंड के खिलाफ सभी पाँच टेस्ट मैचों के लिए अपनी प्रतिबद्धता के कारण जडेजा के कार्यभार की चिंताएँ बड़ी थीं।मुसीबतें और बढ़ गईं, एशियाई खेलों में टीम का नेतृत्व करने वाले रुतुराज गायकवाड ने उंगली टूटने के कारण खुद को बाहर पाया, जिससे उपलब्ध बल्लेबाजी विकल्प और भी कम हो गए।चयनकर्ताओं को इस बात को लेकर भी दुविधा का सामना करना पड़ेगा कि विकेटकीपर कौन होगा क्योंकि इशान किशन ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए दक्षिण अफ्रीका टेस्ट से नाम वापस ले लिया है, रिपोर्ट में एक साल के बाद मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया है।

# 6 वर्षीय अनमोल ने सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियन का खिताब जीता




गुवाहाटी , 85वीं सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 का फाइनल में युवा उभरती महिला एकल शटलर अनमोल खरब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला एकल में पंजाब की तन्वी शर्मा को 15–21, 21–17, 16–8 से हराकर राष्ट्रीय खिताब जीता। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट चार साल बाद असम में आयोजित किया गया था। महिला एकल के खिताबी मुकाबले में, जो लगभग एक घंटे तक चला, तन्वी पहले गेम के बाद हरियाणा की शटलर से एक गेम आगे थी। हालाँकि, इससे –19 और –17 रैंकिंग में भारत के नंबर 1 होने पर कोई फर्क नहीं पड़ा, अनमोल का आत्मविश्वास कम नहीं हुआ क्योंकि उसने कोर्ट पर कोणों का बहुत अच्छा उपयोग किया, साथ ही अपने उत्कृष्ट कोर्ट कवरेज के साथ अगले दो गेम में अपनी छाप छोड़ी। निर्णायक मुकाबले में पहले से ही 8–16 से पीछे चल रही तन्वी ने मैच अधिकारियों से चोट की शिकायत की क्योंकि अंततः अनमोल को विजेता घोषित किया गया। इस बीच पुरुष एकल का खिताबी मुकाबला उलटफेर वाला रहा क्योंकि गैरवरीयता प्राप्त चिराग सेन ने तेलंगाना के चौथे वरीय थारुन एम को 21–14, 13–21, 21–9 से हराकर राष्ट्रीय खिताब हासिल किया। बीएआई रैंकिंग में भारत के नंबर दो खिलाड़ी थारून ने पहला गेम गंवाने के बाद दूसरे गेम में मैच का रुख अपने पक्ष में कर लिया। लेकिन निर्णायक मुकाबले में चिराग ने शानदार वापसी की और सही समय पर चतुर स्ट्रोक लगाकर अपना दबदबा कायम कर लिया। मिश्रित युगल के शिखर मुकाबले में हाल ही में ओडिशा मास्टर्स 2023 के चैंपियन बने ध्रुव कपिला–तनिषा क्रैस्टो ने शुरू से ही मैच पर दबदबा बनाए रखा। उन्होंने अपने पहले राष्ट्रीय खिताब की ओर दौड़ने के लिए नितिन कुमार–नवधा मंगलम की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 25 मिनट में 21–13, 21–8 से आसानी से हरा दिया। जबकि प्रिया देवी कोन्जेंगबाम–श्रुति मिश्रा ने एक घंटे और 11 मिनट तक चले फाइनल में महाराष्ट्र की रितिका ठाकर–सिमरन सिंघी को 11–21, 21–14, 21–18 से हराकर महिला युगल खिताब जीता।

# शार्दुल ठाकुर ने एक बार फिर विदेशी सरजमीं पर अपनी बल्लेबाजी से महफिल लूटी

नई दिल्ली। शार्दुल ठाकुर ने एकबार फिर विदेशी सरजमीं पर अपनी बल्लेबाजी से महफिल लूटी है। गाबा में ऐतिहासिक पारी खेलने के बाद शार्दुल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट में भी मेजबान टीम के तेज गेंदबाजों का डटकर सामना किया।

साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने शार्दुल का विकेट झटकने के लिए उनके शरीर को निशाना बनाया। 'लॉर्ड' शार्दुल का एकबार माथा चोटिल हुआ, तो दूसरी दफा रफ्तार भरी गेंद से उनका हाथ जख्मी हुआ। हालांकि, इसके बावजूद शार्दुल मैदान पर डटे रहे।

**शार्दुल के शरीर को बनाया निशाना**

शार्दुल ठाकुर जब बल्लेबाजी करने उतरे, तो टीम इंडिया मुश्किल में थी। 121 के



स्कोर पर भारत के छह बल्लेबाजों पवेलियन लौट चुके थे। शार्दुल ने मोर्चा संभाला और केएल राहुल के साथ मिलकर टीम इंडिया की पारी को आगे बढ़ाने का जिम्मा उठाया। 24 रन की छोटी, लेकिन कारगर पारी के दौरान साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने शार्दुल के शरीर पर जमकर निशाना साधा।

पारी के 44वें ओवर में गेराल्ड कोएत्जी की रफ्तार भरी एक गेंद शार्दुल के हेलमेट पर जोर से आकर लगी, जिसके बाद भारतीय बल्लेबाज कुछ देर तक बेहद परेशानी में नजर आया। शार्दुल ने जब अपना हेलमेट उतारा, तो उनका माथा गेंद लगने की वजह से फुला हुआ था। शार्दुल के माथे पर सूजन साफतौर पर नजर आई।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com